आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

19.10 रविवार — दिनांक 12.05.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः—

1— प्रदेश में अब आईआईटी की तर्ज पर प्रौद्योगिकी संस्थानों की स्थापना की जाएगी—मुख्यमंत्री ने दी जानकारी।

2— धमतरी जिले में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में पांच लाख रूपये का एक इनामी माओवादी मारा गया।

3— महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में पुलिस ने पांच अंतर्राज्यीय सटोरियों को कोलकाता से किया गिरफ्तार।

4— मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक—दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी।

.............

<u>मुख्यमंत्री—प्रौद्योगिकी संस्थान</u>

प्रदेश में अब आईआईटी की तर्ज पर प्रौद्योगिकी संस्थानों की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ट्वीट कर इसकी जानकारी

दी। उन्होंने लिखा कि राज्य सरकार अब छत्तीसगढ़ में आईआईटी की तर्ज पर विभिन्न स्थानों पर प्रौद्योगिकी संस्थानों की स्थापना करेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाना है।

<u>माओवादी मुठभेड़</u>

धमतरी जिले में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में पांच लाख रूपये का एक इनामी माओवादी मारा गया है। वहीं, एक अन्य माओवादी के घायल होने की खबर है।

नक्सल ऑपरेशन के डीएसपी आर.के. मिश्रा ने बताया कि धमतरी–गरियाबंद जिले के सरहदी क्षेत्र में माओवादियों के एकत्र होने की सूचना मिलने पर धमतरी और गरियाबंद पुलिस की संयुक्त टीम सर्चिंग के लिए निकली थी। इस दौरान भैंसामुड़ा के जंगल में पहले से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक माओवादी मारा गया, जिसका शव बरामद कर लिया गया है।

मारे गए माओवादी की शिनाख्त मंगल मड़काम उर्फ अशोक के रूप में हुई है। यह माओवादी बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के ग्राम करका का रहने वाला था। घटनास्थल से पुलिस ने एक रायफल, माओवादी वर्दी और दैनिक उपयोग के सामान बरामद किए हैं।

<u>महादेव सट्टा ऐप</u>

महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में पुलिस ने पांच अंतर्राज्यीय सटोरियों को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। ये आरोपी लैपटॉप और मोबाइल से सेटअप तैयार कर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे। यह कार्रवाई रायपुर पुलिस की ऑर्गेनाइजेशनल इनपुट पर की गई। पुलिस

के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान महादेव आईडी पैनल के जरिये ऑनलाइन सट्टा का संचालन कर रहे थे। आरोपियों के पास से सात लैपटॉप और उन्नीस मोबाइल जब्त की गई हैं, जिनकी कीमत साढ़े छह लाख रूपये से अधिक बताई गई है।

इस बीच, रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने आज मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में क्रिप्टो करेंसी के जरिये लेनदेन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महादेव सट्टा ऐप के पैनलिस्ट से पूछताछ में यह खुलासा हुआ है। उन्होंने कहा कि महादेव सट्टा ऐप मामले में अट्ठारह राज्यों में बैंक अकाउंट सीज किए गए हैं। बैंक अकाउंट खोलने की प्रक्रिया का दुरूपयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि इस मामले में बैंक की सहभागिता सामने आएगी, तो उन्हें भी नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी। आईजी ने बताया कि दुबई में महादेव सट्टा ऐप से जुड़े संचालकों को लाने के लिए हरसंभव कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगले तीन–चार महीनों में सारी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

<u>नीति आयोग डायरेक्टर–दौरा</u>

नीति आयोग दिल्ली के एडिशनल मिशन डायरेक्टर आनंद शेखर आज मोहला–मानपुर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों में पहुंचकर किसानों से मिलेट्स उत्पादन की जानकारी ली। साथ ही अन्य शासकीय सुविधाओं की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

श्री शेखर ने ग्राम बांधाटोला में स्थित आयुष्मान आरोग्य केन्द्र पहुंचकर स्वास्थ्यकर्मियों से केन्द्र में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के अलावा समस्याओं की भी जानकारी ली। वहीं, उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूल अंबागढ़ चौकी में स्मार्ट क्लास, लैब और पढ़ाई से संबंधित सुविधाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने शिक्षकों से चर्चा भी की। इसके अलावा श्री शेखर ने

चिल्हाटी क्षेत्र में स्थित ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई मरारटोला भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सफाई दीदियों से कचरा प्रबंधन के साथ ही नल–जल और शौचालय व्यवस्था की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट आमाटोला का अवलोकन किया। श्री शेखर ने आमाटोला में आंगनबाड़ी केन्द्र को भी देखा।

आयाम–ऊंची उड़ान

अखिल भारतीय और राज्य प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारी में जुटे युवाओं के लिए आगामी अट्‌ठारह मई को 'आयाम–ऊंची उड़ान का' आयोजन किया जाएगा। इसमें अखिल भारतीय सेवा के प्रशासनिक, पुलिस, वन और संवर्ग के अधिकारियों से संवाद कर प्रतिभागी अपनी तैयारियों के संबंध में मार्गदर्शन ले सकेंगे। हाल ही में यूपीएससी में चयनित युवा भी इस अवसर पर अपने अनुभव साझा करेंगे।

रायपुर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हाई और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को 'मेधा सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा।

रेलवे–अभ्यास प्रदर्शनी

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल द्वारा आगामी पंद्रह मई को यात्री गाड़ियों के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण उत्पन्न आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए बचाव कार्य का अभ्यास किया जाएगा। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल–एनडीआरएफ, मंडल संरक्षा विभाग और रेल आपदा प्रबंधन की संयुक्त टीम सुबह छह बजे से शाम चार बजे तक बिलासपुर स्टेशन के एआरटी

साइडिंग के सामने मधुबनी रोड के पास अभ्यास करेगी। इसके कारण जनता के आवागमन के लिए यह रोड बंद रहेगा। आने–जाने के लिए तारबहार रोड में वैकल्पिक मार्ग दिया गया है।

मातृ दिवस

आज दुनियाभर में मातृ दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मातृशक्ति का नमन किया जा रहा है।

मातृ दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीडियो जारी कर प्रदेश की सभी माताओं को नमन किया है।

क्रिकेट–समर कैम्प

जांजगीर में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में जांजगीर–चांपा जिले के अलावा सक्ती जिले के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पदमेश शर्मा ने बताया कि इस समर कैम्प में बालक और बालिका दोनों वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

उधर, भिलाई में बीएसपी के तत्वावधान में स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कल से पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

खैरागढ़–मंडीप खोल गुफा

खैरागढ़ जिले में स्थित मंडीप खोल गुफा कल श्रद्धालुओं के लिए खुलेगी। ऐसी मान्यता है कि यह गुफा भगवान शिव को समर्पित है। इसे विश्व की छठवीं और भारत की दूसरी सबसे बड़ी गुफा माना जाता है। इस गुफा में भक्ति और प्रकृति का अनूठा संगम देखने को मिलता है।

गौरतलब है कि छुईखदान विकासखण्ड के ग्राम ठाकुरटोला के पास घने जंगलों के बीच मंडीप खोल गुफा स्थित है। इस गुफा को हर साल अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को पर्यटकों के लिए खोला जाता है। इस गुफा को देखने छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों के पर्यटक भी पहुंचते हैं।

सक्ती–ठगी

सक्ती में स्क्रैप की खरीदी–बिक्री करने वाले एक व्यक्ति से कोलकाता निवासी दो लोगों ने उनचास लाख रूपये से अधिक की ठगी की है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार सक्ती निवासी रचित अग्रवाल स्क्रैप खरीदी–बिक्री का काम करता है। उन्होंने एक कंपनी से दाल मिल का प्लांट, मशीनरी, आयरन पाईप, लोहे का शेड, रोलिंग शटर डोर, वायर केबल, मोटर तथा अन्य सामानों की खरीदी के लिए संपर्क किया था। इन सामानों का चार करोड़ दस लाख रूपये में सौदा हुआ था। इसके बाद बैंक के जरिये एक करोड़ ग्यारह लाख रूपये से अधिक का भुगतान किया गया, जिसमें से इकसठ लाख रूपये से अधिक का सामान भेजा गया। लेकिन, शेष उनचास लाख चालीस हजार रूपये का सामान नहीं भेजा गया।

आरोप है कि बचे सामानों को आरोपियों द्वारा अन्य लोगों को बेच दिया गया है। फिलहाल इस मामले में सक्ती पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

<u>सिपाही–गोली</u>

रायगढ़ के जूट मिल थाने में पदस्थ आरक्षक सनी मालाकार ने आज सुबह अपने घर में खुद को गोली मार ली। इस हादसे में आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राथमिक इलाज के बाद घायल जवान को बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने अस्पताल पहुंचकर जवान का हालचाल जाना। बताया गया है कि यह जवान रायगढ़ के रियापारा का निवासी है।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम उत्तरप्रदेश से दक्षिणी असम तक एक द्रोणिका बनी हुई है। वहीं, पूर्वी झारखंड में ऊपरी हवा का एक चक्रीय चक्रवाती घेरा स्थित है। इसके असर से प्रदेश में बदली–बारिश की स्थिति बन रही है। कल कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, प्रदेश के अधिकतम तापमान में गिरावट होने के आसार है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– पश्चिम मध्य रेलवे ने यात्रियों की कमी के कारण बीस मई से सत्रह जून तक चलने वाली जबलपुर–दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल और दुर्ग से इक्कीस मई से अट्ठारह जून तक चलने वाली दुर्ग–जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का संचालन रद्द कर दिया है।

–	रेलवे सुरक्षा बल ने राजनांदगांव जिले के तुमड़ीबोड़ में ई–टिकट की कालाबाजारी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से सत्रह हजार रूपये का अवैध ई–रेल टिकट और एक मोबाइल जब्त किया है।

–	रायपुर पुलिस ने नकबजनी, चोरी और लूट के आठ मामलों में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

और

–	बिलासपुर पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा और मवेशी तस्करी करने वाले दस लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से इक्कीस किलो गांजा सहित दो कार और दो ट्रक जब्त किए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>